

## एक नजर में

### पातालपानी - कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन अब सप्ताह में तीन दिन चलेगी

**रतलाम।** मंडल में चलने वाली एक मात्र हेरिटेज ट्रेन अब अब सप्ताह में तीन दिन चलेगी। पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल द्वारा पातालपानी से कालाकुंड के बीच संचालित गाड़ी संख्या 52965/52966 पातालपानी - कालाकुंड - पातालपानी हेरिटेज ट्रेन को यात्रियों की मांग व सुविधा के मद्देनजर 15 अगस्त, 2025 से सप्ताह में तीन दिन चलाने का निर्णय लिया गया है। अभी तक ये ट्रेन शनिवार व रविवार चलती थी, अब शुक्रवार को भी चलेगी। इस तरह ट्रेन की सर्विस सप्ताह में तीन दिन रहेगी।

### श्रीमती कमलबाई मालवीय को दी श्रद्धांजलि



**सैलाना।** कृषि विभाग में सहायक संचालक के पद से रिटायर्ड अमृतलाल मालवीय की माता कमलाबाई मालवीय 91 वर्ष (पूर्व हॉस्टल अधीक्षक शाजापुर) का निधन हो गया। उनके निवास से निकली शवयात्रा में नगर के जनप्रतिनिधि, समाजजन व गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बोदीना मार्ग स्थित शातिवन मुक्तिधाम पर पुत्र अमृतलाल मालवीय पोते प्रांजल, पावस व नातिन किंशुक ने मुखाग्नि दी। शवयात्रा में शामिल हुए सभी लोगों ने श्रीमती मालवीय को श्रद्धांजलि दी।

### नप की हर घर तिरंगा यात्रा आयोजित

**रतलाम।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत नगर परिषद बडावदा में बुधवार को हर घर तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। यात्रा कार्यालय नगर परिषद बडावदा से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय गीतों के साथ झण्डा चौक, पिपली बाजार, कस्टम होते हुए सांदीपनि शा.उ.मा.वि. बडावदा में समापन किया गया। जिसमें नगर परिषद बडावदा के अध्यक्ष श्रीमती कल्पना -राजेन्द्र कुमावत, उपाध्यक्ष रशीद खान पठान, जिला योजना समिति सदस्य अनिल अवस्थी, श्रीमती दुर्गाबाई पति पुनमंचद परमार पार्षद प्रतिनिधि, उमरावसिंह गुर्जर, दिनेश पाटीदार, शैलेन्द्र व्यास, अनमोल जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनोज कुमार शर्मा एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी/श्रमिक एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता भी उपस्थित हुए। साथ ही नगर के शासकीय/अर्द्धशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य/ प्रधानाध्यापक/ अध्यापक/ शिक्षकगण के साथ बडी संख्या में छात्र/छात्राओं ने रैली में भाग लिया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी के साथ पुलिस कर्मचारियों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

### ट्यूबवेल की मोटर निकालने की बात को लेकर विवाद

**रतलाम।** जिले के रिंगनोद थाना क्षेत्र के एक गांव में ट्युबवेल की मोटर निकालने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामला थाने तक पहुंचा है और पुलिस ने मामले में विवाद में दोनों पक्ष के 9 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार रिंगनोद थाना क्षेत्र के ग्राम परवलिया में ट्युबवेल की मोटर निकालने की बात को लेकर मुध पति पहलश्वपू चौहान का सविता पति रघुवन का विवाद हो गया। विवाद में दोनों पक्ष के लोग आमने सामने हो गए। मधु चौहान की रिपोर्ट पर सविता, रघुवन पिता रमेश चौहान, वीर चौहान, सोनाली पति रोहित तथा सोनाली चौहान की रिपोर्ट पर अनामिका चौहान, बिदिंया पित पप्पू चौहान, मधु चौहान, दीपक चौहान, अभिषेक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### शादी की बात को लेकर लात घुसों से मारपीट की

**रतलाम।** शादी की बात का लेकर जिले के ग्राम में विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा कि मारपीट हुई और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले के रिंगनोद थाना क्षेत्र के ताल रोड असावती निवासी मोडीराम पिता नंदाजी गुजराती का शादी की बात को लेकर कैलाश पिता भुवान बलाई निवासी खेरुखेड़ी चोमेहला ( राज.) का विवाद हो गया। यह विवाद मोडीराम के घर के बाहर हुआ। विवाद में कैलाश ने अपनी साथी के साथ मिलकर मोडीराम, उसकी पत्नी संतोष और मोडीराम की मां भुली बाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर रिंगनोद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### घर की जमीन पर कब्जा करने की बात को लेकर विवाद

**रतलाम।** घर की जमीन पर कब्जा करने की बात को लेकर जिले के आलोट में विवाद हुआ। विवाद में मारपीट की गई और पुलिस में शिकायत हुई हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले के आलोट थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरी देवड़ा निवासी गुड्डी बाई पति मुन्नालाल मेहता का दयाराम पिता नाथुजी मेहतर का घर की जमीन का कब्जा करने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद में दयाराम ने बेटे बबलू और पत्नी के साथ मिलकर फरियादी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया हैं।

### सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 30 अगस्त तक आमंत्रित

**रतलाम।** वर्ष 2025-26 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंसन(एसएमएई) ''आत्मा'' योजना के अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2024-25 के लिए राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक को 25000/-रूपये एवं विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक को 10000/-रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। यह पुरस्कार कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी एवं मत्स्रू पालन जैसे क्षेत्रों में वैज्ञानिक एवं नवीन तकनीकों को अपनाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले उन्नतशील कृषको को दिए जाएगे। ऐसे कृषक जिन्होंने वैज्ञानिक विधियों से नवाचार करते हुए कृषि उत्पादन में तकनीकी अंगीकरण को अपना कर उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की है वे सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 30 अगस्त 2025 तक विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप विकासखंड स्तर पर बीटीएम (आत्मा) या एसडीओ कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

### बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति ने फिर सौंपा ज्ञापन



**जावरा।** बिजली कंपनी को पुन: अपने किए गए लिखित वादों का संज्ञान करवाने के लिए बिजली पीडित उपभोक्ता समिति ने बिजली अधिकारी को 2 अलग-अलग ज्ञापन देते हुए बताया की 6अगस्त को बिजली पीडित उपभोक्ता समिति के द्वारा उपभोक्ताओं की उपस्थिति मे बिजली कंपनी का घेराव व धरना आंदोलन किया गया था। उच्च अधिकारियों द्वारा किए गए तीनो लिखित वादों पर संज्ञान शिघ्र लिया जाए। जिसमे विच्छेद बिजली कनेक्शन को जोडा जाए। साथ ही बिजली बिल हिंदी भाषा मे दिए जाए। ज्ञापन वाचन समिति के निलेष मेहता ने किया। इस मौके पर समिति सदस्य सुनील पोखरना, उबेद अंसारी एडवोकेट, निलेष मेहता, असलम मेव, अली जमान आदि मौजूद थे।

# मिशन रफ्तार : ओएचई सिस्टम का अपग्रेडेशन, ट्रेन की बढ़ेगी गति

**ओएचई सिस्टम के अपग्रेडेशन होने से इस सेक्शन में ट्रेनों की गति 160 किमी. हो गई**

**-पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में खाचरोद-नागदा डबल लाइन खंड में सफलता**



**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के खाचरोद-नागदा डबल लाइन खंड में मिशन रफ्तार के तहत 12 अगस्त 2025 को परंपरागत ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) को अत्याधुनिक 2 बॉय 25 केवी प्रणाली में अपग्रेड कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

पश्चिम रेलवे के प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर रंजन श्रीवास्तव द्वारा इस नवीन प्रणाली की शुरूआत की गई। यह भारतीय रेल में पहली बार है जब किसी मौजूदा ओएचई प्रणाली को अपग्रेड कर 2×25 केवी प्रणाली में परिवर्तित किया गया है, जिससे ट्रेन की गति, विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता के नए आयाम स्थापित होंगे। अपग्रेडेशन परियोजना के तहत नागदा ट्रैक्शन सब स्टेशन (टीएसएस) बनाया गया। बिजली वितरण की दक्षता और रखरखाव में सुगमता हेतु इस प्रणाली की सुरक्षा और स्थायित्व बढ़ाने के लिए एरियल अर्थ कंडक्टर एवं फीडर वायर की भी व्यवस्था की गई है। मौजूदा ओएचई सिस्टम के अपग्रेडेशन होने से इस सेक्शन में ट्रेनों की गति 130 कि.मी.प्र.घं. से बढ़कर 160 कि.मी./घं. हो गई है।

**परिचालन समयबद्धता और ऊर्जा दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा**



यह अत्याधुनिक प्रणाली न केवल उच्च गति वाली ट्रेनों के संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि परिचालन समयबद्धता और ऊर्जा दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करेगी। मिशन रफ्तार के अंतर्गत पश्चिम रेलवे का यह प्रयास तेज गति, अधिक क्षमता और अत्याधुनिक तकनीकी उन्नयन के माध्यम से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# डीपी से ऑयल चोरी करते चार आरोपी गिरफ्तार



**ग्रामीणों ने पकड़ा डीपी से आयल निकलते**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** ग्रामीणों ने डीपी से आयल की चोरी कर रहे चार को पकड़ा। आरोपियों को पुलिस के सुपूर्द किया, जिन्हें न्यायालय में पेश कर रिमांड मिला।

ग्राम धम्मोतर में ग्रामीणों द्वारा चार आरोपियों को डीपी से ऑयल निकलते रंगे हाथ पकड़ा। फरियादी दिनेश पिता नंदराम धाकड़ निवासी धम्मोतर अपने साथियों के साथ मिल कर चारों आरोपियों को थाने लेकर आए। आरोपियों से पुछताछ में उन्हेंने अपना नाम राजकुमार पिता नागुलाल कीर, देवेन्द्रसिंह पिता विक्रमसिंह निवासी रिंगनिया थाना खाचरोद जिला उज्जैन, भरत पिता देवचन्द पाटीदार व राजु पिता मोहनलाल कीर निवासी धौसवास बताया। आरोपियों से पूछताछ कर उनकी तलाशी लेते आरोपियों के कब्जे से चोरी किया डीपी आईल भरी तीन कैन व आईल चोरी करने के औजार जब्त किए। तीनों आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध क्रमांक 344/2025 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्द कर आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें न्यायालय में पेश किया जाकर 3 दिन का पुलिस रिमांड मिला। इनसे अन्य जगह चोरी हुई डीपी ऑयल के बारे में पूछताछ की जा रही है।



# स्वतंत्रता दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल

**रतलाम।** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के भव्य आयोजन के लिए की गई तैयारियों एवं परेड की अंतिम रिहर्सल बुधवार को स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर की गई। रिहर्सल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एएसआई मदनलाल सांखला ने ध्वजारोण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान कलेक्टर राजेश बाथम, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खाखा, एसडीएम शहर एवं कमिशनर नगर निगम अनिल भाना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान पुलिस बल, स्काउट, एस ए एफ, एनसीसी, शौर्य दल द्वारा अंतिम रूप से मुख्य समारोह के लिए परेड की रिहर्सल की गई। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पूर्व अभ्यास किया गया।

# आइडियाज अपलोड हेतु मार्गदर्शन कार्यशाला संपन्न

**कार्यशाला के बाद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में पौधों को रोपित किया**

**रतलाम।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, रतलाम में इंस्पायर मानक अवॉर्ड प्रदर्शनी के पूर्व एक दिवसीय मार्गदर्शन कार्यशाला का भव्य आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आगर-मालवा के नवाचारी शिक्षक शैलेन्द्र कसेरा, अध्यक्ष सुभाष कुमावत (प्राचार्य, उत्कृष्ट उमावि रतलाम), विशेष अतिथि अशोक लोढ़ा (एडीपीसी रतलाम), जिला परियोजना समन्वयक धर्मेन्द्र सिंह हाड़ा एवं योजना अधिकारी सह जिला विज्ञान अधिकारी जितेंद्र जोशी, श्रवण भावसार उपस्थित रहे। अशोक लोढ़ा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि विज्ञान केवल यंत्रों और प्रयोगशालाओं का खेल नहीं, बल्कि यह जीवन का सुगम पथ प्रदर्शक है। जल की एक बूँद बचाना, वायु को प्रदूषण से मुक्त करना, सूर्य की ऊर्जा से घर रोशन करना कृ ये सब नवाचार के बीज हैं, जो कल हरे-भरे वृक्ष बनकर समाज को छाया और फल देंगे। इंस्पायर अवार्ड जैसी योजनाएँ छात्रों की कल्पना को उड़ान और विचारों को पंख प्रदान करती हैं, जिससे वे राष्ट्र निर्माण के रथ के सारथी बनते हैं। विगत 5 वर्षों में जिले का प्रदर्शन राज्य स्तर पर अद्वितीय रहा है। हमें विद्यार्थियों को मात्र मॉडल निर्माण की ओर नहीं, बल्कि जीवनोपयोगी एवं नवीन विचारों की खोज हेतु प्रेरित करना है, क्योंकि आविष्कार आवश्यकता की कोख में ही जन्म लेता है। ग्लोबल इनोवेशन फाउंडेशन के कॉर्डिनेटर शैलेंद्र कसेरा कहा कृ हमारे उद्देश्य का केन्द्र कोई प्रयोगशाला का प्रयोग नहीं, बल्कि ऐसे विचारों का सृजन है जो जीवन को सहज और सरल बना सकें। उन्होंने अपने तीन विचारों को राष्ट्रीय पटल तक पहुँचाने की प्रेरणादायक गाथा सुनाई, जो छात्रों के लिए आशा का दीप और सफलता का मार्ग है। धर्मेन्द्र सिंह हाड़ा ने कहा कि नवाचार के लिए अलग साधन-संसाधन की आवश्यकता नहीं, बल्कि प्रतिदिन देखी जाने वाली समस्याओं में ही समाधान के बीज छिपे होते हैं। मुकेश परमार ने इंस्पायर मानक अवॉर्ड कार्यशाला में प्रेरणा के स्वर व्यक्त करते हुए विद्यार्थी विज्ञान मंथन योजना की शाला से लेकर राज्य स्तर की परीक्षा प्रक्रिया का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यशाला पश्चात सभी अतिथियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में छायादार और औषधीय पौधों को रोपित किया। संचालन ऋतेश पंवार व आभार श्रवण भावसार ने माना।



# कर्मचारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**आलोट।** नगर में समस्त विभागों के कर्मचारियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से निकाली गई। इस दौरान अधिकारी देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे हैं।

यात्रा में एसडीएम सुनील जायसवाल,नायब तहसीलदार सविता राठौर, तहसीलदार आलोट और तहसील के कर्मचारी तिरंगा हाथ में लिए चल रहे थे। यात्रा में महिला बाल विकास के लक्ष्मीनारायण धामेचा, पर्यवेक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप शर्मा, सांदीपनि विद्यालय के फिरोज खान, प्राचार्य कन्या हायर सेकेंडरी महेंद्र सिंह पवार, कपिल निगम दिलीप पोरवाल रामचंद्र परमार,स्वास्थ्य शिक्षा विभाग के कर्मचारी, सहित अन्य विभाग के कर्मचारी शामिल हुए।



# मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**सैलाना।** क्षेत्र के बाजना,रावटी ब्लॉक सहित सैलाना के पेंशनरों ने जिलाध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के बैनर तले कर्मचारीयों ने अपनी मांगों को लेकर नारे लगाते हुए रैली निकाली। रैली विधायक कमलेश्वर डोडियार के कार्यालय पहुंचे। यहां 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में पेंशनरों की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण किए जाने की मांग की। संगठन के नेताओं ने विधायक कमलेश्वर डोडियार से आग्रह किया कि वह हमारी मांगों को स्वीकृत करवाने के लिए प्रयास करते हुए विधानसभा में उठाए। एसोसिएशन के आरसी गेहलोत, एमएल कुशवाह, देवीसिंह भगोरा, भंवरलाल बारोट, रामगोपाल कुमावत, कृष्ण वल्लभ जोशी, जगदीश पटेल,तोताराम डोडियार, दयानंद पाठक, दिनेश जोशी, बाबूलाल परमार आदि मौजूद थे।

# कलेक्टर के नेतृत्व में मुख्य मार्ग से तिरंगा रैली निकली

**हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत कलेक्टर राजेश बाथम के नेतृत्व में जिला प्रशासन व नगर निगम रतलाम के द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली का लोकेन्द्र सिनेमा परिसर रतलाम से कलेक्टर राजेश बाथम के द्वारा शुभारंभ किया गया एवं रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी।

तिरंगा रैली के माध्यम से हर भारतीय को अपने घरों में तिरंगा लगाने और हमारे देश की आज़ादी के जश्न में इसे गर्व से फहराने का निमंत्रण दिया गया, इस पहल का




उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर देशभक्ति की गहरी भावना जगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में अधिक समझ विकसित करना है। रैली में बच्चें भारत माता के स्वरूप में मंच पर उपस्थित रहे, कार्यक्रम में कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा तिरंगा झंडे के सम्मान की शपथ दिलाई गई। रैली में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ और नशा मुक्ति के स्लोगन की तख्तियों से नशामुक्ति का संदेश भी दिया गया। नगर निगम की टीम के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। परिसर में सेल्फी विथ तिरंगा सेल्फी पाइंट लगाये गये जिस पर सभी ने बढ़ चढ़कर सेल्फी ली।

रैली में अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर एसडीएम ग्रामीण विवेक सोनकर, एस.डी.एम. रतलाम शहर मे एवं आयुक्त नगर निगम अनिल भाना, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधोलिया, तहसीदार ऋषभ ठाकुर, पिंकी साठे, क्षेत्रीय पार्षद मनीषा विजयसिंह चौहान, जिला समन्वयक जोयल कटारा, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमति अनीता सागर, जिला शिक्षा केन्द्र जिला परियोजना अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह, सामाजिक न्याय उपसंचालक श्रीमति संध्या शर्मा, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, जिला प्रबंधक एनआरएलएम जयप्रकाश चौहान, म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, उपायुक्त नगर निगम करूणेश दंडतोडिया, समाजसेवी गोंविद काकानी आदि शामिल हुए।

# खुदा के बंदे आज चलेगे नंगे पैर अंगारों पर

## मुख्य चारों चुल पर सबसे पहले सिया समुदाय के 21-21 दुल्हे आलम हाथ में लेकर निकलेगे

**सिया समुदाय द्वारा खंदक को दुध का छीटा देने के बाद जायरिनों के निकलने का सिलसिला होता है प्रारंभ-**



**जावरा।** हुसैन टेकरी शरीफ पर चेहल्लुम का मुख्य कार्यक्रम आग पर मातम चुल आज 14 अगस्त गुरूवार रात 9 बजे होगा। यह कार्यक्रम हजरत इमाम हुसैन र.अ. का 141 वां कार्यक्रम है। बता दे कि मुख्य खंदक (चुल) पर सबसे पहले 21-21 आलम हाथ में लेकर सिया समुदाय के 84 दुल्हे चारों चुलों से निकलते है। लक्की ड्रा के माध्यम से इनका चयन होता है। इसके बाद सिया पुरूष और फिर सिया महिलाएं चुल से निकलती है। यह कार्यक्रम रात 11 बजे तक चलता है। बाद में सिया समुदाय द्वारा खंदक को दुध का छीटा दिया जाता है। इसके बाद जायरिनों के निकलने का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है। तत्पश्चात जिन जायरीनों पर बलाए (अपवित्र आत्माएं) होती है वे चुल पर से निकलते है। मान्यता है कि बलाए वाले चुल पर से निकलने से अपवित्र आत्माएं गारत (शरीर से निकल जाती है) हो जाती है। खंदक के आसपास भगदड़ नही मचे इसके लिए प्रशासन ने पुलिस बल बढ़ाया है। खंदक पर से निकलने का कार्य देर रात तक चलता है। दूसरे दिन प्रात: जायरीन लोबान लेकर वापस अपने घरों को लौट जाते है। परंतु दुसरे दिन प्रात:10 बजे से सिया समुदाय द्वारा मातमी जुलूस निकाला जाता है जो मातम करते पांचो रोजो पर जाते है। जिसमें सिया समुदाय के जायरीन रहते है। जुलूस के बाद बिदाई मजलीस होती है। इस प्रकार चेहल्लुम का समापन होता है।

**निकला अलम का जुलूस -**

बुधवार को टेकरी पर सिया समुदाय के तीन अलग-अलग जुलूस सुबह से शाम के बीच निकले। दोपहर 1 बजे मेहंदी कुए से हिंदू अंजूमन सक्काए सकीना मुम्बई द्वारा अलम का जुलूस मेहंदी कुएं से निकला, जो टेकरी क्षेत्र से होते हुए मोला अली रोजा टाप शरीफ पर पहुंचा,


